**विधान परिषद के प्रथम सत्र- 2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5.(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र पत्रांक संख्या-189 /BJPUP/2024 दिनांक 14/08/ 2024 जो अपर मुख्य सचिव आवास विकास परिषद को राजकीय इण्टर कालेज देवरिया में निर्माण कार्य हेतु की गई निविदा की जॉच के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे ? | उक्त पत्र जनपद देवरिया में राजकीय इण्टर कालेज के निर्माण की निविदा में अनियमितता से सम्बन्धित था। इस निविदा के सम्बन्ध में मुख्यत: निविदा दाता फर्म मैसर्स अंकित इन्टरप्राइजेज पर विचार न किये जाने व कथित रूप से मनचाही फर्म के पक्ष में पक्षपात करने तथा अनुभव प्रमाण-पत्र सही न होने, रसीदी टिकट नोटराइज न होने, ऐथराइजेशन लेटर त्रुटिपूर्ण होने एवं चरित्र प्रमाण-पत्र पर वैध तिथि अंकित न होने की शिकायत की गयी थी। |
| (ग) | उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी? | उक्त शिकायत के संदर्भ में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा सभी अभिलेखों का परीक्षण एवं परिशीलन किया गया। शिकायत में उल्लिखित तथ्यों की पुष्टि नहीं हुयी है। इस आशय की सूचना सुसंगत अभिलेखों सहित माननीय सदस्य को शासन के पत्र संख्या-818452/2024, दिनांक 10.12.2024 द्वारा प्रेषित की गयी है। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्य मंत्री।

Qustion-2022 (108)